# कार्यालय पुलिस उपायुक्त,
# जोधपुर पूर्व

## प्रेस नोट

@dcpeastjodhpur    dcpjodhpureast    Dcp Jodhpur East

**दिनांक:-08.04.2024**

- वृहद स्तर पर नकली उत्पाद तैयार करने वाले कारखाना संचालक के विरूद्ध कार्यवाही
- भारी मात्रा में नकली उत्पाद सामग्री व सामग्री पेकिंग करने में प्रयुक्त मशीने जब्त
- मौके से करीब 08 लाख नकली सामग्री पैकिंग के रेपर व पाउच जब्त
- विभिन्न नामी ब्राण्डेड कम्पनीयों के नकली घी के साढे छः क्विन्टल रेपर जब्त
- विभिन्न नामी कम्पनीयों सरस, डेयरी बेस्ट, क्षीर, शक्ति, कृष्णा, नोवा, लोटस, बेस्ट डेयरी, पालीवाल व भोलेनाथ के नकली घी व टाटा ब्राण्ड नमक के साढे छः क्विन्टल इनर पाउच जब्त
- विभिन्न नामी ब्राण्डेड कम्पनीयों के नकली घी के सोलह किलोग्राम प्लास्टिक स्ट्रीप रोल व टेप जब्त
- नकली घी पैकिंग में प्रयुक्त टीन के प्लास्टिक व लोहे के 28 किलोग्राम ढक्कन जब्त
- विभिन्न नामी ब्राण्डेड कम्पनीयों श्री मिश्रीलाल व नारायणपुर गोल्ड रस चाय के 52 किलोग्राम नकली पैकिंग पाउच व 12 किलोग्राम तैयार नकली चाय जब्त
- नामी वाशिंग पाउडर की कम्पनी घडी डिटरजेन्ट के अर्द्ध निर्मित व निर्मित नकली 04 क्विन्टल 50 किलोग्राम वांशिंग पाउडर एवं 05 किलोग्राम इसी कम्पनी के नकली प्लास्टिक पाउच जब्त
- नकली घडी डिटरजेन्ट बनाने में प्रयुक्त लॉयन मार्का का 03 क्विन्टल वाशिंग पाउडर जब्त
- नकली सामग्री तैयार करने में प्रयुक्त 02 ईलेक्ट्रोनिक पैकिंग मशीन व दो ईलेक्ट्रोनिक बडे कांटे जब्त
- मौके से नकली घी बनाने में प्रयुक्त 02 बडी ईलेक्ट्रोनिक पैकेजिंग मशीन जब्त
- उक्त नकली सामग्री तैयार करने वाला 01 व्यक्ति गिरफ्तार
- धोखाधडी, कॉपी राईट व ट्रेड मार्क अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज

कार्यवाही विवरण :– श्रीमान पुलिस आयुक्त जोधपुर द्वारा लोकसभा आम चुनाव को मध्यनजर रखते हुए लोकल एवं स्पेशल एक्ट के तहत कार्यवाही व मिलावटखोरों तथा अवैधानिक गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने निर्देश प्रदान किये गये। इसी क्रम में कल दिनांक 07.04.2024 को श्री भंवरसिंह उनि के द्वारा संकलित आसूचना के आधार पर श्री विरेन्द्रसिंह, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व के निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्त पूर्व, श्री अभिषेक अंदासु आई.पी.एस. (प्रोबेशनर) व श्री प्रदीप डांगा थानाधिकारी पुलिस थाना रातानाडा जोधपुर पूर्व मय टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए पुरुषोतम राठी के आवासीय मकान संख्या 01 नाहरसिंह कॉलोनी रातानाडा जोधपुर की तलाशी ली जाकर वृहद स्तर पर नकली उत्पाद तैयार करने वाले कारखाना संचालक के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में नकली उत्पाद सामग्री व सामग्री पेकिंग करने में प्रयुक्त मशीने, विभिन्न नामी ब्राण्डेड कम्पनीयों के नकली घी के साढे छः क्विन्टल रेपर, विभिन्न नामी कम्पनीयों सरस, डेयरी बेस्ट, क्षीर, शक्ति, कृष्णा, नोवा, लोटस, बेस्ट डेयरी, पालीवाल व भोलेनाथ के नकली घी व टाटा ब्राण्ड नमक के साढे छः क्विन्टल इनर पाउच, विभिन्न नामी ब्राण्डेड कम्पनीयों के नकली घी के सोलह किलोग्राम प्लास्टिक स्ट्रीप रोल व टेप, नकली घी पैकिंग

में प्रयुक्त टीन के प्लास्टिक व लोहे के 28 किलोग्राम ढक्कन, विभिन्न नामी ब्राण्डेड कम्पनीयों श्री मिश्रीलाल व नारायणपुर गोल्ड रस चाय के 52 किलोग्राम नकली पैकिंग पाउच व 12 किलोग्राम तैयार नकली चाय, नामी वाशिंग पाउडर की कम्पनी घडी डिटरजेन्ट के अर्द्व निर्मित व निर्मित नकली 04 क्विन्टल 50 किलोग्राम वांशिंग पाउडर एवं 05 किलोग्राम इसी कम्पनी के नकली प्लास्टिक पाउच, नकली घडी डिटरजेन्ट बनाने में प्रयुक्त लॉयन मार्का का 03 क्विन्टल वाशिंग पाउडर, नकली सामग्री तैयार करने में प्रयुक्त 02 ईलेक्ट्रोनिक पैकिंग मशीने व दो ईलेक्ट्रोनिक बडे कांटे, मौके से नकली घी बनाने में प्रयुक्त 02 बडी ईलेक्ट्रोनिक पैकेजिंग मशीने व करीब 08 लाख नकली सामग्री पैकिंग के रेपर व पाउच जब्त कर उक्त नकली सामग्री तैयार करने वाले 01 व्यक्ति हनुमान प्रसाद पुत्र श्री पुरूषोतम राठी, जाति माहेश्वरी, उम्र 35 साल, निवासी मकान संख्या 01, नाहरसिंह कॉलोनी, पुलिस थाना रातानाडा, जोधपुर को गिरफ्तार कर उसके विरूद्व धोखाधडी, कॉपी राईट व ट्रेड मार्क अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी अपने आवसीय मकान के तहखाने में पैकेजिंग मशीने स्थापित कर नकली सामग्री व उत्पाद तैयार कर बाजार में विक्रय करता था। आरोपी ने अपने आवसीय मकान में नकली उत्पाद तैयार करने का कारखाना लगा रखा था व लम्बे समय से नकली उत्पाद तैयार कर जोधपुर जिले व आस–पास के अन्य जिलो में भी नकली उत्पादों की रात्रि के समय सप्लाई करता था मगर उक्त कारखाना आरोपी के आवसीय मकान में होने से अडोसी–पडोसी तक को इसकी भनक तक नहीं थी।

## गिरफ्तार व्यक्ति का विवरणः–

1. हनुमान प्रसाद पुत्र श्री पुरूषोतम राठी, जाति माहेश्वरी, उम्र 35 साल, निवासी मकान संख्या 01, नाहरसिंह कॉलोनी, पुलिस थाना रातानाडा, जोधपुर

## कार्यवाही में शामिल पुलिस टीम का विवरण

1. श्री अभिषेक अंदासु आईपीएस, प्रोबेशनर, सहायक पुलिस आयुक्त पूर्व, जोधपुर पूर्व।
2. श्री प्रदीप डांगा, निरीक्षक पुलिस थानाधिकारी, पुलिस थाना रातानाडा, जोधपुर पूर्व।
3. श्री भंवरसिंह उनि पुलिस थाना रातानाडा, जोधपुर पूर्व( विशेष भूमिका )
4. श्री श्याम लाल हैड कानि 1238 पुलिस थाना रातानाडा, जोधपुर पूर्व।
5. श्री कैलाश कानि 522, पुलिस थाना रातानाडा, जोधपुर पूर्व।
6. श्री सुभाष कानि 288 पुलिस थाना रातानाडा, जोधपुर पूर्व।
7. श्री सहदेव कानि 2001 पुलिस थाना रातानाडा, जोधपुर पूर्व।
8. श्री पूनाराम कानि 2441 पुलिस थाना रातानाडा, जोधपुर पूर्व।
9. श्री केशरसिंह कानि 324 पुलिस थाना रातानाडा, जोधपुर पूर्व।
10. श्री रूपसिंह कानि 202 पुलिस थाना रातानाडा, जोधपुर पूर्व।
11. श्री कुलदीप कानि 2681 पुलिस थाना रातानाडा जोधपुर पूर्व
12. श्री राजू आरटी 132 पुलिस थाना रातानाडा, जोधपुर पूर्व।
13. श्री नटवरसिंह कानि चालक 2664 पुलिस थाना रातानाडा, जोधपुर पूर्व।

(आलोक श्रीवास्तव)
पुलिस उपायुक्त
जोधपुर पूर्व